आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–22 जुलाई 2024 सान्ध्य समाचार

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार तेइस–चौबीस में वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्त मंत्री कल संसद में एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। उधर, आज बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठने और अगले साढे चार वर्ष के लिए अपने आप को देश के लिए समर्पित करने का आग्रह किया।

****

मेडिकल प्रवेश परीक्षा, नीट यूजी को लेकर दाखिल याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुयी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टीस डीवाई चन्द्रचूड की अध्यक्षता वाली खण्ड पीठ ने आज दिल्ली आईआईटी के निदेशक को तीन विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने का आदेश दिया। यह कमेटी परीक्षा में आये एक सवाल के सही जवाब पर अपनी राय देगी। नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट में कल भी सुनवाई जारी रहेगी। इस बीच, इस मामले को लेकर आज संसद का बजट सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने कई सवाल उठाये, जिनका जवाब केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने दिया।

****

भगवान शिव को अतिप्रिय सावन माह आज से प्रारंभ हो गया है। यह भी सुखद संयोग है कि सावन माह का शुभारंभ भगवान शिव को समर्पित माने जाने वाले दिन सोमवार से हुआ है। सावन के पहले सोमवार पर प्रदेश के सभी प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण शिव स्थानों पर भगवान शंकर के जलाभिषेक और दर्शन–पूजन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा पड़ा है। भगवान शिव के बारह ज्योर्तिलिंग में से एक वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन–पूजन कर रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

काशी के सभी शिवालियों में भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ी है। सावन के पहले सोमवार पर श्री काशी विश्वनाथ के दर्शन, पूजन और जलाभिषेक के लिए रविवार देर रात से ही कांवड़ियों की कतार लगी रही। जैसे ही भगवान शिव के मंगला आरती के लिए कपाट खुले भक्त हर–हर महादेव के गगनचुंबी उद्घोष से पूरा इलाका शिवमय कर दिया मंदिर प्रशासन के अनुसार आज 5 लाख से ज्यादा लोक काशी विश्वनाथमंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।

उधर ब्रह्म मुहूर्त से ही अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु सरयू में डुबकी लगाकर कनक भवन, हनुमान गढी और राम जन्म भूमि मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों में पूजा–अर्चना कर रहे हैं। विशेष रूप से नागेश्वर नाथ और क्षीरेश्वर नाथ सहित भोले शंकर के मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ है ,जहां शिव के जयकारों के बीच भक्त दुग्दाभिषेक और जलाभिषेक कर रहे हैं। गोरखपुर में प्रसिद्ध झारखण्डी महादेव मंदिर, मुक्तेश्वरनाथ मंदिर, मोटेश्वर शिव मंदिर पिपराइच, मानसरोवर मंदिर और चित्रकूट, प्रयागराज, मथुरा, संतकबीरनगर, जौनपुर, गाजीपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिव मंदिरों में भी सुबह से जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब तीन सौ लोगों की समेस्यायें सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान तत्परता और संवेदनशीलता के साथ होना चाहिए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आजमगढ़ के कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की मण्डलीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना के लिये एक नोडल अधिकारी तैनात किया जा और वरिष्ठ अधिकारी सभी विकास परियोजनाओं की हर पन्द्रह दिन में खुद समीक्षा कर शासन को रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होंने बाढ़ को लेकर अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने को कहा। आजमगढ़ दौरे पर मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय का निरीक्षण भी किया।

****

वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों– पद्म विभूषण पद्मभूषण और पद्मश्री के लिए नामांकन पन्द्रह सितम्बर तक किये जा सकते हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर प्राप्त की जाएंगी।

****

प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में आज जहां आसमान में बादल छाये रहे तो वहीं, पश्चिमी हिस्से के सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में दो घंटे से अधिक बारिश हुयी। इस बीच मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

****